Need to provide financial assistance to State Government of Rajasthan

For solving acute drinking water problem in Jaipur.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : महोदय, राजस्थान में अकाल की स्थिति गम्भीर है। अकाल राहत कार्य खोले नहीं गए हैं। गर्मी का मौसम प्रारम्भ हो गया है, कुओं में पानी का स्तर नीजे चला गया है, हैड पम्प खराब हो गए हैं। गांवों के बांध और तालाब सूख गए हैं और उनकी दशा जीर्ण-शीर्ण होने के कारण उनमें पानी नहीं है और उनकी दशा ठीक नहीं होने के कारण उनमें पानी भरना भी मुश्किल है। बांध और तालाबों की मरम्मत वर्षा से पूर्व होना नितान्त आवश्यक है, जिससे कुंओं में पानी का जल स्तर ऊंचा हो सके। जयपुर शहर में रामगढ़ बांध में पानी नहीं रहा है और जयपुर शहर में पानी एक समय में मिलना कठिन हो गया है। जयपुर में जल सप्लाई को ठीक करने के लिए बनास नदी से ही पानी लाना आवश्यक है। इस योजना पर 150 करोड़ की धनराशि व्यय होगी। राज्य सरकार समर्थ नहीं है। केन्द्र सरकार से मांग है कि राज्य सरकार को राशि उपलब्ध कराई जाए।

(इति)